GAIL_Internal

DJ Rashtriya Sanskaran, Delhi, 14/06/2026
Page No: 10, Size: 22.49cm × 29.95cm

# जुलाई तक जम्मू पहुंच जाएगी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन

जागरण संवाददाता, जम्मू

- वर्ष के अंत तक उपभोक्ताओं को भी जारी होंगे कनेक्शन
- 175 किलोमीटर लंबी है गैस पाइपलाइन परियोजना

175 किलोमीटर लंबी गुरदासपुर-जम्मू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना का काम अंतिम चरण में है। जुलाई तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस गैस पाइपलाइन के जम्मू पहुंचने के बाद घरेलू उपभोक्ताओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक इकाइयों को स्वच्छ एवं किफायती प्राकृतिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उम्मीद है कि साल के अंत में उपभोक्ताओं को कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शुरुआती दौर में औद्योगिक प्रतिष्ठानों में एलपीजी को इससे बदला जाएगा। उसके बाद घरेलू व अन्य कनेक्शन की प्रक्रिया आरंभ होगी।

शनिवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के विभाग के निदेशक राजेश कुमार शावन ने इस प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना तथा विजयपुर और बिश्नाह स्थित सिटी गेट स्टेशनों का निरीक्षण किया। निदेशक ने दोनों सिटी गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) स्टेशनों पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। शावन ने कहा कि यह परियोजना जम्मू क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जम्मू-कश्मीर में 237 करोड़ से संचालित इस परियोजना को जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## पहले चरण में पांच जिलों में की जाएगी गैस की आपूर्ति

पहले चरण में जम्मू संभाग के पांच जिलों कठुआ, सांबा, जम्मू, रियासी और ऊधमपुर में गैस की आपूर्ति की जाएगी। उसके बाद पाइपलाइन को नेशनल गैस ग्रिड के तहत जम्मू से आगे कश्मीर घाटी तक बढ़ाया जाएगा।

GAIL_Internal

**Millennium Post, Delhi, 14/06/2026**
Page No: 2, Size: 28.92cm × 26.56cm

# 'No energy shortage in country, oil & LPG supply situation comfortable'

## Puri further asserted that, while fuel prices rose considerably in many countries, rates in India dropped by 3.1% from May 2022 to May 2026

**OUR CORRESPONDENT**

**CHANDIGARH/LUDHIANA:** Union Minister Hardeep Singh Puri on Saturday said there is no shortage of energy in the country and the supply situation of crude oil, LPG and natural gas is quite comfortable.

Speaking with reporters in Ludhiana, Puri further asserted that, while fuel prices rose considerably in many countries, rates in India dropped by 3.1 per cent from May 2022 to May 2026.

The petroleum and natural gas minister said oil prices rose across the world in the wake of the Iran conflict.

Sharing data of fuel prices during May 2022 to May 2026, Puri said petrol prices in Pakistan rose by 70 per cent, Sri Lanka by 66 per cent, France by 47 per cent, Italy 46 per cent, Bangladesh 36 per cent and the US 35 per cent.

"In India between May 2022 and May 2026, prices dropped by 3.1 per cent. On one hand, prices rose by 70-80 per cent in the world, but here (Prime Minister Narendra) Modi ji reduced prices by 3.1 per cent," he said.

"How did it happen? The cost of petrol at the extraction point, then add insurance cost, freight, margin, Centre's excise duty and states' VAT.



Union Petroleum and Natural Gas Minister Hardeep Singh Puri

**Sharing data of fuel prices during May 2022 to May 2026, Puri said petrol prices in Pakistan rose by 70%, Sri Lanka by 66%, France by 47%, Italy 46%, Bangladesh 36% and the US 35%**

Fuel prices dropped after the Prime Minister reduced the central excise duty three times in November 2021, May 2022 and now recently, he pointed out.

"A few weeks ago, excise duty on petrol and diesel was reduced by Rs 10 a litre," he said, adding that it put an additional burden of Rs 1 lakh crore on the budget.

But the PM did not want people to face any financial burden, he said.

"When we raised petrol and diesel prices, how much did it increase? Fuel prices rose by Rs 7.60 a litre," he said. In addition to Japan, there was the lowest increase in fuel prices in India, he said.

### Highlights

- 'In India between May 2022 and May 2026, prices dropped by 3.1 per cent'
- 'On one hand, prices rose by 70-80 per cent in the world, but here Prime Minister Narendra Modi reduced prices by 3.1 per cent,' Puri said
- 'Fuel prices dropped after PM reduced excise duty three times in Nov 2021, May 2022 & now recently'
- 'LPG connection holders were being asked to shift to piped gas. We have a maximum stock of LPG which is 75-80 days of stock'

Replying to a question on capping sale of diesel at 200 litres a day, he said it was done to curb black marketing.

To another question, Puri said the supply situation is quite comfortable. "We have a stock of crude oil for over 60 days, we have natural gas stock for over 60 days," he said.

On the LPG situation, he said it is also quite comfortable.

For example, if 80,000 metric tonne of LPG per day were used, we ourselves used to make 32,000 MT and it has now been raised to 54,000 MT, he said, which led to reduction in dependence on its import.

He further said LPG connection holders were being asked to shift to piped gas. "We have a maximum stock of LPG which is 75-80 days of stock," he said.

On E85 fuel (85 per cent ethanol blended petrol), he said at present, there are 47 E85 fuel pumps in the NCR.

By December 2026, the strength of pumps would go up to 500 and by December 2027, it would further increase to 5,000 pumps, he said.

To a question on the killing of three Indian seafarers in a US military strike on a merchant vessel in the Gulf of Oman, he said India has lodged a strong protest.

India summoned US Charge d'Affaires twice, while External Affairs Minister S Jaishankar raised it with US Secretary of State Marco Rubio in this regard, he said.

GAIL_Internal

Millennium Post, Delhi, 14/06/2026
Page No: 2, Size: 22.62cm × 13.65cm

# India can withstand $90 per barrel oil in FY27, higher prices may hurt growth, says report

**NEW DELHI:** India's economy is likely strong enough to absorb average Brent crude oil prices of around $90 per barrel in FY27, though a sustained rise beyond that level could begin to affect growth, inflation and external balances, according to a report by Avendus Wealth.

"India's macro fundamentals appear resilient, with the economy likely able to sustain an average Brent price of around $90 per barrel in FY27. A sustained move above this level, could start to pinch," the report said. It noted that India remains heavily dependent on energy supplies routed through the Strait of Hormuz, with about 47 per cent of crude oil imports, 61 per cent of LPG imports and 29 per cent of LNG imports passing through the strategic waterway.

> About 47% of India's crude oil imports, 61% of LPG imports & 29% of LNG imports pass through the Strait of Hormuz

Higher oil prices pose a direct risk to macroeconomic stability. Citing estimates from institutional research houses, the report said every $10-per-barrel increase in crude prices could widen India's current account deficit by around $18 billion, or 0.41 per cent of GDP. The impact could also extend to economic growth. Analysts estimate that every $10 rise in Brent crude may reduce India's FY27 GDP growth by 30-35 basis points, Avendus said.

On inflation, the report cited estimates from Emkay, Spark and Kotak, suggesting that prolonged elevated crude prices could push consumer inflation closer to or above the RBI's comfort range. A disruption or closure of the Strait of Hormuz would have major consequences for global energy markets, Avendus warned. Since nearly one-fifth of global crude supplies move through the route, any prolonged disruption could trigger a sharp rise in oil prices.

Despite these risks, the report said India enters the current period of uncertainty from a position of relative strength. It highlighted surplus banking system liquidity of around Rs 5.1 lakh crore, forex reserves covering nearly 11 months of imports, and continued government capital expenditure support. The report also noted that Indian corporates are financially stronger after years of deleveraging & improved cash flows. While higher energy costs may squeeze margins in the near term, healthier balance sheets should enable firms to maintain investment plans and resume growth once conditions stabilise. AGENCIES

GAIL_Internal

**Indian Express, Delhi, 14/06/2026**

Page No: 13, Size: 5.19cm × 12.25cm

# No shortage of energy in country, says oil minister Puri

*Chandigarh*: Union Minister Hardeep Singh Puri on Saturday said there is no shortage of energy in the country and the supply situation of crude oil, LPG and natural gas is quite comfortable. Puri further asserted that, while fuel prices rose considerably in many countries, rates in India dropped by 3.1% from May 2022 to May 2026. "In India between May 2022 and May 2026, prices dropped by 3.1%. On one hand, prices rose by 70-80% in the world, but here (Prime Minister Narendra) Modi ji reduced prices by 3.1%," he said. PTI

GAIL_Internal

Times of India, Delhi, 14/06/2026
Page No: 20, Size: 9.05cm × 23.81cm

# India remains no. 2 Russian oil buyer in May

**New Delhi:** India continued to remain the second largest buyer of Russian crude in May, with purchases worth nearly 4.8 billion euros (about $5.6 billion), up by nearly 7% from 4.5 billion euros ($5.2 billion) in April, said Centre for Research in Energy and Clean Air (CREA), an independent think tank based in Finland, in a latest report.

CREA said India imported Russian hydrocarbons worth a total of 5.8 billion euros ($6.7 billion) and crude oil constituted 83% of the purchase.

Oil products (550 million euros or $636 million) and coal (429 million euros or $496 million) constituted the remainder of its monthly imports.

China remained the biggest importer of Russian energy with purchases totalling nearly 7 billion euros ($8.1 billion), the Finnish think tank report said. TNN

GAIL_Internal


Times of India, Delhi, 14/06/2026
Page No: 19, Size: 21.96cm × 25.32cm

# Gadkari: File signed for 100% ethanol vehicles

Shishir.Arya@timesofindia.com

**Nagpur:** Union minister for highways and road transport **Nitin Gadkari** said on Saturday he has signed a file approving rules for granting legal sanction to 100% ethanol-driven vehicles.

"Finally, my dream of ethanol replacing petrol is coming true. I was ridiculed and severely criticised when I talked about ethanol-driven vehicles. When I signed the file at 8pm on Friday, it was a big day for me," Gadkari told reporters here.



The minister said he also launched a 100% ethanol version of a top automobile company, and other auto firms would follow suit.

"Multiple narratives were set against alternative fuel. Now, I hope aircraft will also run on sustainable aviation turbine fuel manufactured from biomass which can be easily procured from farmers. Govt has already declared a Rs 10,000 crore package for stabilising ATF prices at Rs 115 per litre. This will help freeze rates and shield airlines from further fuel hikes," he said.

> **Multiple narratives were set against alternative fuel. Now, I hope aircraft will also run on sustainable ATF made from biomass... Govt has already declared a Rs 10,000cr package for stabilising ATF prices at Rs 115 per litre. This will help freeze rates and shield airlines from further fuel hikes**
>
> **NITIN GADKARI**
> Union minister for road transport

A champion of e-vehicles, Gadkari said one of his biggest achievements was to introduce mechanised e-rickshaws. "I remember the time when cycle-rickshaw pullers struggled to climb steep inclines with passengers. Now, cycle-rickshaws have been replaced by e-rickshaws. In the summer, workers would carry heavy grain sacks on their backs. Nobody carries loads these days as 1.5 crore workers have been spared the gruelling labour. They all have got e-rickshaws."

GAIL_Internal

**Jansatta, Delhi, 14/06/2026**

Page No: 6, Size: 11.01cm × 6.51cm

# ऊर्जा की कमी नहीं; एलपीजी, तेल आपूर्ति की स्थिति संतोषजनक : पुरी

चंडीगढ़/लुधियाना, 13 जून (भाषा)।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि देश में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है। कच्चे तेल, एलपीजी एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति स्थिति काफी संतोषजनक है।

पुरी ने लुधियाना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जहां कई देशों में ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, वहीं भारत में मई 2022 से मई 2026 के बीच दरों में 3.1 फीसद की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि ईरान संकट के कारण दुनिया भर में तेल की कीमतें बढ़ी हैं।

मई 2022 से मई 2026 के दौरान विभिन्न देशों में ईंधन की कीमतों के आंकड़े साझा करते हुए पुरी ने कहा कि इस अवधि में पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतें 70 फीसद, श्रीलंका में 66 फीसद, फ्रांस में 47 फीसद, इटली में 46 फीसद, बांग्लादेश में 36 फीसद और अमेरिका में 35 फीसद बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, 'इसके उलट भारत में मई 2022 से मई 2026 के बीच कीमतें 3.1 फीसद कम हो गईं।

GAIL_Internal

**Amar Ujala, Delhi, 14/06/2026**

Page No: 8, Size: 7.09cm × 12.14cm

# एक लाख घरों में लगेंगे मिनी बायोगैस प्लांट

**लखनऊ।** प्रदेश के ग्रामीण इलाके में एक लाख घरों में मिनी बायोगैस प्लांट लगवाया जाएगा। हर प्लांट पर 25 हजार से 50 हजार खर्च होंगे। मिनी बायोगैस प्लांट लगने से रसोई गैस का खर्च बचेगा। साथ ही गोबर और अन्य जैविक अपशिष्ट का उपयोग हो सकेगा। प्रदेश में गो संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत गो सेवा आयोग ने स्वच्छ ऊर्जा, ग्रामीण आत्मनिर्भरता और गो पालन को एक साथ जोड़ने वाली योजना तैयार की है। इस योजना में गांवों में मिनी गैस प्लांट लगवाया जाएगा। इससे गोबर और अन्य जैविक अपशिष्ट का उपयोग कर स्वच्छ ईंधन तो तैयार होगा। किसानों को जैविक खाद भी बड़े पैमाने पर प्राप्त होगी। इसके साथ ग्रामीणों को रसायनमुक्त भोजन मिलेगा। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योजना के लागू होने पर रसोईघरों में एलपीजी की खपत में भी कमी आएगी, जिससे घरेलू खर्च में उल्लेखनीय बचत होगी। इससे खेती की लागत घटेगी और अतिरिक्त आय के अवसर भी पैदा होंगे।

Navodaya Times, Delhi, 14/06/2026
Page No: 7, Size: 31.06cm × 48.39cm

नवोदय टाइम्स
Sun,14 June 2026
Edition: main edition, Page no. 9

### ब्राजील में 1975 से हो रहा बायो एथेनॉल फ्यूल का इस्तेमाल

# एथेनॉल वाले पैट्रोल से वाहनों की क्षमता को खतरा नहीं : नितिन गडकरी

जालंधर, 13 जून (नरेश कुमार): केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने स्पष्ट किया है कि पैट्रोल में एथेनॉल को मिलाने से किसी भी वाहन की क्षमता को कोई खतरा नहीं है और एथेनॉल के खिलाफ यह मुहिम पैट्रोलियम पदार्थों का आयात करने वाली उस लाबी द्वारा चलाई जा रही है जिसे पैट्रोल में एथेनॉल मिलाने से 24000 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है। नवोदय टाइम्स के साथ विशेष बातचीत के दौरान नितिन गडकरी ने कहा कि वह खुद 100 प्रतिशत बायो एथेनॉल वाली कार का इस्तेमाल कर रहे हैं और उनकी कार को इस से कोई नुकसान नहीं हुआ बल्कि इस ईंधन के प्रयोग से वह पर्यावरण को भी सुरक्षित कर रहे हैं।

नितिन गडकरी ने कहा कि पैट्रोल में एथेनॉल की ब्लैंडिंग करने से एक वित्तीय वर्ष में करीब 24000 करोड़ की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और यदि इस पैसे से कच्चे तेल का आयात किया जाता तो देश को 24000 करोड़ की विदेशी मुद्रा का नुक्सान होता लिहाजा यही कंपनियां अब एथेनॉल के खिलाफ भ्रामक प्रचार कर रही हैं। गडकरी ने कहा कि ऐसा प्रचार करने वाले यह भी कह रहे हैं कि नितिन गडकरी की कंपनी खुद एथेनॉल बनाती है इसलिए इसका इस्तेमाल पैट्रोल में किया जा रहा है लेकिन तथ्य यह है कि देश में 500 से ज्यादा कंपनियां एथेनॉल के निर्माण में जुटी हैं और उनकी कंपनी का नंबर 350 के बाद आता है। गडकरी ने कहा कि उनकी कंपनी पैट्रोल में एथेनॉल का इस्तेमाल शुरू होने से पहले ही एथेनॉल का निर्माण कर रही है।

उन्होंने कहा कि पैट्रोल में एथेनॉल का इस्तेमाल होने के बाद उत्तर प्रदेश में मक्की की कीमत 1200 से बढ़ कर 2800 रुपए पहुंच गई थी और इससे उत्तर प्रदेश के किसानों को फायदा हुआ और देश का पैसा बाहर जाने के बजाय देश के किसान के पास गया और अर्थव्यवस्था का हिस्सा बना। यह बात इस लॉबी को हजम नहीं हो रही है और यह लॉबी इसी कारण इस प्रकार का दुष्प्रचार कर रही है। एथेनॉल के निर्माण के लिए गन्ने, मक्के के अलावा बचे हुए चावल का इस्तेमाल होता है और यह तीनों फसलें किसान ही पैदा करता है लिहाजा एथेनॉल का इस्तेमाल बढ़ने से जहां एक तरफ देश के किसान को फायदा होगा वहीं दूसरी तरफ देश की विदेशी मुद्रा भी बचेगी।

उन्होंने कहा कि ब्राजील में 1970 के दशक से पैट्रोल में एथेनॉल का इस्तेमाल हो रहा हे और ब्राजील में इसके सफलतापूर्वक इस्तेमाल के लिए बाकायदा एक अलग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है और इस से किसानों की आय भी बढ़ी है और ईंधन की वैकल्पिक व्यवस्था होने के कारण ईंधन के संकट से भी नहीं जूझना पड़ता।

गौरतलब है कि आजकल सोशल मीडिया पर एथेनॉल के इस्तेमाल को लेकर एक मुहिम चलाई जा रही है जिसमें यह दावा किया जा रहा है कि एथेनॉल के मिश्रण वाले पैट्रोल से वाहन के इंजन की क्षमता प्रभावित होती है और इसके साथ ही इस पैट्रोल को इस्तेमाल करने से वाहन की एवरेज भी कम मिलती है। नितिन गडकरी ने कहा कि पैट्रोल और एथेनॉल की एनर्जी क्षमता में हल्का अंतर होता है और लंबे रूट पर एथेनॉल वाले पैट्रोल का इस्तेमाल करने पर निश्चित तौर पर वाहन की एवरेज 5 प्रतिशत तक कम हो सकती है लेकिन यदि आप वाहन को शहर में चलाते हैं तो 100 पर्तिशत पैट्रोल और एथेनॉल मिश्रित पैट्रोल की एवरेज में कोई अंतर नहीं निकलता और यह बात रिसर्च में भी सामने आ चुकी है।

श्री गडकरी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजूकी ने हाल ही में वैगेनार फ्लैक्स फ्यूल कार को लांच किया है। यह कार 100 प्रतिशत एथेनॉल पर भी चल सकती है। क्या जापान की कंपनी सरकार के कहने पर ही इतना बड़ा कदम उठा लेगी। कई वर्ष की रिसर्च के बाद ही कंपनी ने यह कार लांच की है। यह कार हायर एथेनॉल ब्लैंडिंग पर भी आसानी से चल सकती है।

नितिन गडकरी ने कहा कि देश में होने वाले कुल प्रदूषण का 40 प्रतिशत प्रदूषण वाहनों से होता है और देश में क्लीन एनर्जी वाले वाहनों और इलैक्ट्रिक वाहनों की जरूरत है और आने वाले समय में इस तरह के वैकल्पिक ईंधन का इस्तेमाल और ज्यादा बढ़ेगा। पैट्रोलियम मंत्रालय जल्द ही देश में ई-85 ईंधन को लांच करने की तैयारी कर रहा है इसकी कीमत मौजूदा ई-20 ईंधन के मुकाबले काफी कम होगी।



## जोजिला सुरंग : इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि : गडकरी

नितिन गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-1 पर बालटाल और मिनमर्ग के बीच बन रही लगभग 14 किलोमीटर लंबी दोनों ट्रैफ्बेस आने जाने वाली जोजिला सुरंग भारत की सबसे महत्वाकांक्षी पर्वतीय अवसंरचना परियोजनाओं में से एक है। इसे लगभग 6800 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है।

2900 मीटर से 3310 मीटर की ऊंचाई पर निर्मित यह परियोजना दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण भूभागों में से एक में एक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करती है। भारी हिमपात, प्रतिकूल मौसम और जटिल भूवैज्ञानिक चुनौतियों के बावजूद, इंजीनियरों, श्रमिकों, सलाहकारों, ठेकेदारों, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड ( एन.एच.आई.डी.सी.एल. ) और अन्य हितधारकों के प्रयासों से परियोजना में निरंतर प्रगति हुई है।

## 12 वर्ष में रोड नैटवर्क सुधरने से यात्रा आसान हुई

**नितिन गडकरी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों के दौरान देश के सड़क नैटवर्क में ऐतिहासिक प्रगति हुई है और सड़कों का जाल बिछने से न सिर्फ आम नागरिक के लिए यात्रा सुगम और सुरक्षित हो रही है बल्कि इस से अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।**

**2014 में देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नैटवर्क का रिकॉर्ड विस्तार 91,287 किलोमीटर था जो अब बढ़ कर 1,46,572 किलोमीटर हो गया है।**

**इसी प्रकार पिछले 12 सालों में हाई-स्पीड कॉरिडोर से यात्रा और पर्यटन को नई गति मिली है और इन कॉरिडोर्स की लंबाई 93 किलोमीटर से बढ़ कर 3644 किलोमीटर हो गई है। 4-लेन और उससे चौड़ी सड़कों का भी विस्तार हुआ है और इस से यात्रा अधिक सुगम, तेज और सुरक्षित हुई है। देश में 4 लेन सड़कें अब 18,371 किलोमीटर से बढ़ कर 45,516 किलोमीटर हो गई हैं। इसके अलावा देश भर के बड़े धार्मिक स्थानों पर रोप-वे का विस्तार किया जा रहा है।**